इंदिरा कला संगीत विवि में प्रवेश के लिए पहली काउंसिलिंग कल से

15 जुलाई तक होगा पंजीयन

खैरागढ़ (सबेरा संकेत)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में स्नातक/स्नातकोत्तर और डिप्लोमा के नियमित कक्षाओं के लिए प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु प्रवेश पंजीयन शुरू हो चुका है। प्रवेश हेतु पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 30 जून को बढ़ाकर 15 जुलाई किया गया है यानी, प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई तक पोर्टल के जरिए पंजीयन करा सकते हैं। 30 जून तक पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए 12, 13 और 14 जुलाई को काउंसिलिंग होगी।

प्रवेश हेतु पहली सूची 15 जुलाई को जारी होगी, जबकि 30 जून से 15 जुलाई तक होने वाले प्रवेश पंजीयन के लिए काउंसलिंग की तिथि पृथक से घोषित की जायेगी। उल्लेखनीय यह भी है कि इस शैक्षणिक सत्र में प्रदेश में चार नए शैक्षणिक संस्थानों को विश्वविद्यालय से मान्यता और संबद्धता दी गई है, जहां विद्यार्थी प्रवेश लेकर अध्ययन कर सकते हैं। कुलसचिव प्रो. डॉ. आईडी तिवारी ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.iksv.ac.in पर लॉग-ऑन करके पंजीयन कराया जा सकता है।

जिन चार नए संस्थानों को मान्यता और संबद्धता दी गई है, उनमें शासकीय ई. राघवेंद्र राव नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय, अंबिकापुर (सरगुजा), बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर (बादल), आसना जगदलपुर (बस्तर), शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग और शासकीय ई राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर शामिल हैं।

हेल्पलाइन नंबर जारी

कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर कहा है कि विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में कोई अड़चन का सामना ना करना पड़े, इसलिए हेल्पलाइन मोबाइल नंबर जारी किए जाएं, ताकि विद्यार्थी उन मोबाइल नंबरों पर कॉल करके मदद ले सकें। किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट से मिल जायेगी। वेबसाइट से पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। प्रक्रियागत असुविधा होने पर विश्वविद्यालय के मोबाइल नंबर 7820234232, 9301342604, 90093 12090, 9589258582 और 6260615214 पर संपर्क करके परामर्श लिया जा सकता है।